प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

आज अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वन संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में मनाया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, वन मंत्री संजय शर्मा सांसद मंजू शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। समारोह में राजस्थान में वन विकास पर फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान का शिलान्यास किया। उन्होंने भरतपुर तथा नाहरगढ बॉयोजिकल पार्क में इलेक्ट्रॉनिक गॉल्फ कार्ट प्रदेश की जनता को समर्पित किये। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की ओर से तैयार किये गये एप–डीजी वन की शुरूआत की। ये एप फोरेस्ट हैल्थ मॉनिटरिंग के लिए बनाया गया है।

उधर भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने वनों के महत्व को बताते हुए पर्यावरण को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों को केवलादेव उद्यान का निशुल्क भ्रमण कराया गया और वन संपदा के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

.0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वद्यालय और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद उदयपुर जाने का कार्यक्रम है।

जहां वे दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे। यह मेला देश के 20 राज्यों से करीब 75 दिव्यांग उद्यमियों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए गृह सज्जा, उत्पाद, कपड़े और परिधान, स्टेशनरी, पर्यावरण, पैकेज्ड फूड और जैविक उत्पाद के साथ खिलौने और आभूषण जैसे उत्पादों और उनकी हस्तकला को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर होगा। मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिसमें दिव्यांग कलाकार प्रस्तुति देंगे।

00000

प्रदेशभर में आज शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में शीतला माता की पूजा अर्चना की जा रही है। ये पर्व चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्ठमी को मनाया जाता है। इस दिन स्वच्छता और आरोग्य की देवी शीतला माता की पूजा की जाती है और उन्हें ठण्डे पकवानों का भोग लगाया जाता है। इस मौके पर कई स्थानों पर मेले भी भरते हैं। जयपुर के चाकसू में स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है और माता को ठंडे पकवान का भोग लगाया जा रहा है। कोटा के स्टेशन स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है। माता को ठंडा खाद्य पदार्थों का भोग लगाया जा रहा है। पाली में भी महिलाएं शीतला माता का पूजन कर बास्योडा का भोग लगा कर खुशहाली की कामना कर रही हैं।

000000

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिवस डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति को सशक्त सामुदायिक नेटवर्क, बेहतर देखरेख संबंधी सहायता, समावेशी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता को दर्शाता है। डाउन सिंड्रोम न्यूरो विकास संबंधी एक डिसऑर्डर है। यह डिसऑर्डर व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह डिसऑर्डर एक व्यक्ति के लिए सामाजिक मेल–जोल और सम्पर्क को चुनौतिपूर्ण बनाता है।

00000

कोटपूतली में दिल्ली–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक सड़क हादसे में दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मोरदा पुलिया के

पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रॉले ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने बताया कि कार में सवार श्रद्धालु दिल्ली से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चार गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। इधर एक अन्य हादसे में भीलवाड़ा के कोटा–चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाडपुरा चौराहे के पास एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। हादसा सीमेंट से भरे टैंकरो की आपसी टक्कर से आग लग जाने से हुई।

0000

मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में आगामी तीन–चार दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार नागौर, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, जयपुर, अजमेर टोंक अलवर और भरतपुर जिलों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। शहरों में दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 24 मार्च से प्रदेश में गर्मी बढने के आसार हैं।

00000